an>

Title: Regarding display of placards.

माननीय अध्यक्ष: जब मैं कोई व्यवस्था दे रहा हूं, तो क्या आप इस तरीके से बोलते रहेंगे?

दूसरा विषय सदन में जो हुआ है प्लैकार्ड का, प्लैकार्ड भी लेकर नहीं आना है, बैनर लेकर नहीं आना है ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: क्या आप प्लैकार्ड से संसद चलाना चाहते हैं? क्या आप संसद की मर्यादा इस तरह से चलाना चाहते हैं? आप यह बताओ, एनाउंस करो कि आप प्लैकार्ड लेकर संसद में आना चाहते हैं । मैं लेकर आना एलाऊ करूंगा ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप बोलो, क्या आप संसद में प्लैकार्ड एलाऊ कर रहे हैं?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप बोलिए, क्या आप प्लैकार्ड लेकर संसद चलाना चाहते हैं? अगर आप प्लैकार्ड लेकर संसद चलाना चाहते हैं तो आप पार्टी की तरफ से एनाउंस करें कि हम ऐसे ही संसद चलाना चाहते हैं ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: क्या आप संसद ऐसे चलाना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

श्री प्रहलाद जोशी: आप यह बता दें, देश को यह बता दें, सारी दुनिया को बता दें । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सभा बारह बजे तक के लिए स्थगित होती है ।

11.11 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of Clock.

-

12.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.

(Dr.(Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

-

माननीय सभापति: माननीय सदस्यगण, बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: आज सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की चर्चा है । यह महत्वपूर्ण चर्चा है । अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, विकलांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए चर्चा है । मेरा आपसे निवेदन है कि आप लोग बैठ जाइए और सदन की कार्यवाही चलने दीजिए । यह गरिमा का विषय है और हम सबको गरिमा के विषय पर चर्चा करनी चाहिए ।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित होती है ।

12.02 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.